समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 09 September 2026

# श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ दौरे पर रावतसर पहुंचे सहकारिता मंत्री गौतम दक, पूर्व विधायक अभिषेक मटोरिया के आवास पर हुआ भव्य स्वागत ; जनहित के मुद्दों पर हुई महत्वपूर्ण चर्चा

राजेश चौधरी

Published on 25 May 2026



राजस्थान सरकार के **सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन मंत्री आदरणीय गौतम दक** ने अपने श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ प्रवास के दौरान रावतसर पहुंचकर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा नेताओं से मुलाकात की। इस दौरान राजनीतिक, सामाजिक और जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

रावतसर पहुंचने पर मंत्री गौतम दक का **पूर्व भाजपा विधायक अभिषेक मटोरिया** के आवास पर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के कई प्रमुख जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान **पूर्व विधायक धर्मेंद्र मोची** एवं **श्रीमती द्रोपदी मेघवाल** भी मौजूद रहीं। सभी नेताओं ने मंत्री गौतम दक का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए क्षेत्रीय विकास एवं जनकल्याण से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया।

मंत्री गौतम दक ने स्वागत-सत्कार के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के विकास और आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है और जनप्रतिनिधियों के सुझावों को प्राथमिकता के साथ लिया जा रहा है।

इसके बाद तहसील नोहर, जिला हनुमानगढ़ स्थित निवास स्थान पर मंत्री गौतम दक से स्नेहिल मुलाकात का सिलसिला जारी रहा। इस दौरान क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं, किसानों से जुड़े मुद्दों, सहकारिता योजनाओं, सड़क, पानी और अन्य विकास कार्यों को लेकर व्यापक चर्चा की गई।

बैठक के दौरान क्षेत्रीय विकास को गति देने, ग्रामीण इलाकों में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने तथा आमजन को सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ पहुंचाने को लेकर भी विचार-विमर्श हुआ।

पूर्व विधायक अभिषेक मटोरिया ने मंत्री गौतम दक को क्षेत्र की आवश्यकताओं और जन अपेक्षाओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा

कि हनुमानगढ़ एवं आसपास के क्षेत्रों में विकास की अपार संभावनाएं हैं और सरकार के सहयोग से इन योजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा सकता है।

वहीं पूर्व विधायक धर्मेंद्र मोची ने भी क्षेत्रीय समस्याओं और जनहित के विषयों को मंत्री के समक्ष रखा। श्रीमती द्रोपदी मेघवाल ने महिलाओं एवं ग्रामीण समाज से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करते हुए सरकार की योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने पर जोर दिया।

इस मुलाकात को राजनीतिक और सामाजिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। स्थानीय लोगों में भी इस बैठक को लेकर उत्साह देखने को मिला।

क्षेत्रीय भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने मंत्री गौतम दक के दौरे को जनसंपर्क और विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/राजेश चौधरी, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.